

# अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर पथराव

## जान बचाकर भागे कर्मचारी, डिप्टी रेंजर समेत तीन घायल

नवभारत न्यूज

**गुना 20 अगस्त का। जिले के फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर दबंगों ने गत दोपहर प्राणघातक हमला कर दिया। कलोरा बीट के कर्मदा जंगल में हुई इस घटना में डिप्टी रेंजर समेत तीन लोग घायल हो गए। हमला इतना अचानक और तीव्र था कि वनकर्मी अपनी जान बचाकर जंगल से भागने को मजबूर हो गए।**

हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कर्मचारी पथराव और मारपीट से बचते नजर आ रहे हैं। घटना के अनुसार, वर्षों से कर्मदा के जंगल में दबंगों द्वारा आदिवासियों की आड़ लेकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। हाल ही में एक बड़े अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग ने जेसीबी मशीन के साथ मौके पर कार्रवाई शुरू की थी। तभी अचानक बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और विभागीय अमले पर पथराव और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सरकारी वाहन में भी तोडफोड़ की गई।



हमले में डिप्टी रेंजर लाखन सिंह शिवहरे, वन रक्षक लक्ष्मी नारायण सावरी और एक चौकीदार गंभीर रूप से घायल हुए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डिप्टी रेंजर ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे, तभी खडेला सरपंच सहित करीब दो दर्जन लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि इस हमले में कर्मदा, कलोरा, खडेला और सिंगापुर गांव के लोग शामिल थे और इनके पीछे इलाके के कई बाहुबली लोगों का समर्थन है।

वन अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों के कब्जे में कई हेक्टेयर वन भूमि है, जिस पर लंबे समय से अवैध रूप से खेती और निर्माण किया जा रहा है। खास बात यह है कि जब वन विभाग की टीम हमले की शिकायत दर्ज कराने फतेहगढ़ थाने पहुंची तो सीमा क्षेत्र का हवाला देकर पुलिस ने आवेदन तक लेने से इंकार कर दिया। इससे विभागीय कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। बमोरी पुलिस ने घटना के एक दिन बाद सात नामजद आरोपियों पर तोडफोड़ और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। हालांकि अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लगातार हो रहे ऐसे हमलों से साफ है कि अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और वन विभाग की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र में इससे पहले भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कई बार वनकर्मियों पर हमले हो चुके हैं। बार-बार हो रही इन घटनाओं से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि दबंगों के हौसले कितने बढ़े हुए हैं और प्रशासन की शिथिलता किस तरह उन्हें संरक्षण प्रदान कर रही है। वन विभाग के घायल कर्मचारियों का कहना है कि अगर समय रहते आरोपियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आगे चलकर हालात और गंभीर हो सकते हैं। फिलहाल जिलेभर में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है और विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

### इनका कहना है

वन क्षेत्र की कलोरा बिट के कर्मदा जंगल में दल के साथ कार्यवाही के लिए पहुंचे थे। खडेला सरपंच सहित दो दर्जन लोगो ने टीम पर हमला कर दिया। वन रक्षक लक्ष्मी नारायण सावरी एक चौकीदार भी घायल हुआ है। हमला कर्मदा, कलोरा, खडेला, सिंगापुर के लोगों द्वारा किया गया था, जिनके पीछे इलाके के कई बाहुबली लोग हैं। जब घटना की जानकारी लेकर फतेहगढ़ थाने पहुंचे तो सीमा क्षेत्र का हवाला देकर आवेदन तक नहीं लिया गया। उक्त बाहुबलियों पर कई हेक्टेयर बीघा वन भूमि जमीन मौजूद है।

**लाखन सिंह शिवहरे डिप्टी रेंजर फतेहगढ़**


### एक नजर में

#### शिक्षक संघ का सम्मेलन 24 को

**गुना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन आगामी 24 अगस्त, रविवार को राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान संघ के प्रतिनिधि विभागीय अधिकारियों, शिक्षा मंत्री और जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त से भेंट कर अध्यापक-शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराएंगे। ई-अटेंडेंस की व्यवहारिक परेशानियों पर चर्चा होगी और इस पर रोक लगाने के लिए आदेश जारी करवाने की मांग की जाएगी।

#### राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**गुना।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़, गुना में 21 अगस्त को राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर गुना किशोर कन्याल के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा, इस प्रतियोगिता में समस्त भारत वर्ष के 480 प्रतिभागी भाग लेंगे। प्राचार्य के मीना ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति समस्त 08 संभागों चण्डीगढ़, जयपुर, लखनऊ, पहना, हैदराबाद, पुणे, शिलाँग, भोपाल के 240 छात्र एवं 240 छात्राएं सहभागिता कर रहे हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 23 अगस्त 25 को शाम 04.30 बजे शामिल होकर विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान देंगे।



# जितना समताभाव रखोगे उतना जीव ऊंचा उठेगा-मुनिश्री

**गुना।** दिगंबर साधु समताधारी होते हैं, मुनिराज जितना जितना समताभाव रखते हैं उतना उनका स्थान बढ़ता जाता है। संचित कर्मों का आत्मा से एकदेश अलग हो जाना निर्जरा कहलाती है। उक्त वैरागय से भरे धर्मोपदेश मुनिश्री निरामय सागरजी महाराज ने चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में कार्तिकेअनुप्रेक्षा ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कर्मों के बंध चार प्रकार के बताए। जिसमें प्रकृति, प्रदेश, स्थिति और अनुभाग शामिल हैं। मुनिश्री ने कहा कि जो वैरागय भावना से सहित और अंहकार से रहित होते हैं उन्हीं के कर्मों की निर्जरा हो पाती है। उन्होंने सात तत्वों में जीव, अजीव, आश्रव, बंध, संबर, निर्जरा और मोक्ष उक्त सात तत्वों को एक दुकान का उदाहरण देते हुए समझाया कि मान लो हमारी एक दुकान है वह अजीव है उसका मालिक जीव है। दुकान में माल का आना आश्रव, उसे व्यवस्थित जमाना बंध, खरीदारी बंद कर देना संबर है। माल को धीरे-धीरे बेचते रहना निर्जरा, दुकान का पूरा माल बिक जाना मोक्ष है।

उक्त सात तत्वों से सारे संसार का क्रम चलता रहता है। सार रूप में उन्होंने बताया कि संचित कर्मों का आत्मा से एक देश अलग हो जाना निर्जरा कहलाती है। मुनिश्री ने कहा कि दिगंबर मुनिराज 28 मूलगुणों का पालन करते हुए पूर्ण समताधारी होते हैं।

# चांचौड़ा में आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ



**गुना।** एकल अभियान मध्य भारत संभाग, चंबल भाग, अंचल गुना के संच चाचौड़ा में बाग बागेश्वर धाम परिसर में 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ हुआ। इस अभ्यास वर्ग का उद्घाटन सत्र गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी और आचार्यगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर चंबल भाग से महिला समिति की अध्यक्ष आशा रघुवंशी, अंचल समिति से अध्यक्ष मनीष भार्गव, उपाध्यक्ष संध्या, तथा संच समिति से अध्यक्ष अमित अग्रवाल, महिला समिति सदस्य शारदा, सचिव सर्वज्ञ जैन, उपाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी अभिमन्यु साहू और सोनू मीणा उपस्थित रहे। इसके साथ ही चंबल भाग से अंचल अभियान प्रमुख नारायण सिंह मीणा, गतिविधि प्रमुख अर्जुन, प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख पप्पू नायक और प्रद्युम्न मीणा ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संच प्रमुख रामबाबू सिसोदिया और विनोद के साथ-साथ बड़ी संख्या में आचार्यगण भी शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर अभ्यास वर्ग की शुरुआत की। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने आचार्यों के योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में एकल अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। आने वाले दस दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में आचार्यों को शैक्षिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## लायंस नेत्र चिकित्सालय के नेत्र शिविर आज और कल

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें मरीजों को खाना, चाय, नास्ता, दवाई चश्में, लैंस से लेकर ऑपरेशन तक निःशुल्क किए जाते हैं। इसी संदर्भ में 21 अगस्त को आरोन, बनवीरखेड़ी 22 अगस्त को मुंगावली, साजनमउ एवं गुरूवार, शुक्रवार को लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में भी निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा। मरीजों को अस्पताल वाहन द्वारा लायंस नेत्र चिकित्सालय लाये जाएंगे व ऑपरेशन होगा।

# भादौर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**गुना।** शा. उ. माध्यमिक विद्यालय भादौर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी (एसडीएम) आरोन महेश बमन्हा रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरोन गौरव यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सहायक संचालक संतोष धाकड़, विकास खंड संसाधन समन्वयक (बीआरसीसी) अरविंद्र रघुवंशी, ग्राम पंचायत भादौर की सरपंच बबीता रघुवंशी, सचिव राजू रघुवंशी, प्राचार्य पनवाड़ी हाट विनोद रघुवंशी तथा सीएसी दीपेश बाथम सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य खगेन्द्र सिंह रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए, शिक्षा प्रद नाटकों का मंचन किया तथा देशभक्ति गीत गाकर वातावरण को देशभक्ति के रंगों से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम महेश बमन्हा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरव यादव ने बच्चों के साथ रुचिकर भोजन किया और उनसे आत्मीय चर्चा की।

विद्यालय प्राचार्य, स्काउट गाइड मास्टर अम्बरीष कुमार कस्तवार, क्लैप लीडर्स संजना अहिरवार, छाया अहिरवार, साक्षी ओझा, भूरी सेन, भूरिया अहिरवार, ऋषिका प्रजापति सहित समस्त शिक्षक-स्टाफ मौजूद रहा।



# भगत सिंह कॉलोनी में तालाब के पानी के निकासी के लिए कार्यवाही जारी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में गोपालपुरा के तालाब से निकलने वाली ओडिया नदी के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। अभियान के आज तृतीय दिवस पोकलेन मशीन एवं जेसीबी की सहायता से नदी के जीर्णोद्वार का कार्य किया गया। इसी क्रम में आज होटल सामरसिंहा के पास वाली पुलिया पर जेसीबी एवं पोकलेन द्वारा गहराई एवं चौड़ीकरण कार्य किया गया। आज इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डे, प्र.सीएमओ मंजुषा खत्री, तहसीलदार गुना श्री जीएस बैरवा सहित नगर पालिका, उद्यानिकी, कृषि विभाग की टीम उपस्थित रही। कलेक्टर श्री कन्याल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि गुनिया नदी का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# एबीवीपी का राष्ट्र चेतना कार्यक्रम संपन्न, नवीन नगर कार्यकारिणी घोषित

**गुना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुना इकाई द्वारा स्थानीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में राष्ट्र चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश अग्रवाल आमंत्रित रहे, जबकि निर्वाचन अधिकारी की भूमिका अतुल अग्रवाल ने निभाई और विभाग संगठन मंत्री राहुल धाकड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल के स्वागत से हुई, जिनका पुष्पगुच्छ भेंट कर संगठन की कार्यकर्ता दामिनी बाल्के ने सम्मान किया। तत्पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम देश के सबसे बड़े राष्ट्रवादी छात्र संगठन का हिस्सा हैं। परिषद कार्यकर्ताओं के अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र विरोधी ताकतों को समाप्त करना होगा और समाज को सही दिशा दिखानी होगी। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनाएं, ताकि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में सहयोग कर सकें। मुख्य वक्ता विभाग संगठन मंत्री राहुल धाकड़ ने परिषद की स्थापना, उसके गौरवशाली इतिहास और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और कार्यकर्ताओं से सक्रियता के साथ जुडने का आह्वान किया। इसके उपरांत निर्वाचन अधिकारी अतुल अग्रवाल ने गुना नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें नगर अध्यक्ष अंकित दुबे और नगर मंत्री अंकित शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सहमंत्री के रूप में पूजा बाल्के, कृष्णा रघुवंशी, वेद राठौर, गौतम और ऋषभ प्रताप सिंह को स्थान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पूजा बाल्के ने किया। इसमें क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जेपी विश्वविद्यालय, एफडीडीआई इंस्टीट्यूट सहित विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों से छात्रों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन नगर मंत्री द्वारा आभार प्रदर्शन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ।




# मोबाइल विवाद में युवक पर लाठी डंडों से हमला, हत्या की धमकी

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत चौकी जंजाली क्षेत्र में मामूली मोबाइल विवाद को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमलावरों ने युवक को गाली-गलौज करते हुए गंभीर चोट पहुंचाई और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। जानकारी के अनुसार, फरियादी विश्वास लोधा पुत्र कल्याणसिंह लोधा (24) निवासी ग्राम आवन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत सुबह करीब 7 बजे गांव के ही विष्णु लोधा, रनछोर लोधा और रामदयाल लोधा उसके घर पहुंचे और मोबाइल तोडने को लेकर विवाद करने लगे। विश्वास ने बताया कि मोबाइल गलती से गिरने पर फूट गया था और वह उसे ठीक कराने की बात कह रहा था, लेकिन इसी बीच तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढने पर विष्णु लोधा ने हाथ में पकड़ी लाठी से विश्वास के सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। वहीं रनछोर और रामदयाल ने उसे लात-घूंसों से पीटा, जिससे शरीर में कई जगह चोटें आईं।

मारपीट के बाद आरोपियों ने विश्वास को धमकी दी कि आज तो बच गया, अगली बार जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित की शिकायत पर चौकी जंजाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 031/25 धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जयवर्धन बोले** — जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहला दौरा, कार्यकर्ताओं से किया अनुशासन का आव्हान

# गुना में भी हुई वोट चोरी, 25 से 5 सितम्बर तक खुलासा

नवभारत न्यूज

**गुना 20 अगस्त का। राघौगढ विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद बुधवार को पहली बार गुना जिला मुख्यालय का दौरा किया। उत्साह और ऊर्जा से लबरेज नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से लम्बा संवाद किया। आगामी चुनावों पर चर्चा की और अनुशासित रहने का आव्हान किया।**

जयवर्धन ने राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे को उठाते हुए दावा किया कि गुना में भी इस तरह के मामले सामने आए हैं। कांग्रेस 25 अगस्त से 5 सितम्बर तक एक अभियान चलाकर इस बारे में खुलासा करेगी। उन्होंने कहा कि देशभर की तरह भाजपा ने गुना और मध्यप्रदेश में भी वोट की चोरी की है। इससे पहले जयवर्धन सिंह की अगवानी करने के लिए गुना के नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया।



पत्रकार कॉलोनी स्थित राजीव गांधी कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने कहा कि जिस तरह राघौगढ और बमौरी में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के सिर पर जीत का सेहरा बांधा है, उसी तरह गुना और चांचौडा के कार्यकर्ताओं को भी ताकत दिखानी होगी। गुना और चांचौडा में विधानसभा चुनाव के दौरान जो परिणाम आए, उसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने माना कि गुना विधानसभा कांग्रेस के लिए थोडी मुश्किल है, लेकिन कार्यकर्ताओं के प्रयास और सबके सहयोग से जिस तरह गुना नगरपालिका के चुनाव में प्रदर्शन किया था वही ताकत विधानसभा चुनाव में दिखाते हुए सफलता प्राप्त की जा सकती है। जयवर्धन ने बताया कि सबसे पहले पंचायती राज के चुनाव आएंगे, फिर नगर परिषद के चुनाव आएंगे। इनमें भी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को सफलता दिलानी है।

### जयवर्धन बोले-इसलिए मुझे बनाया जिला अध्यक्ष

जयवर्धन ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसके बारे में जीतू पटवारी कार्यकर्ताओं को बता चुके हैं। यह सौभाग्य है कि स्वयं राहुल गांधी द्वारा यह निर्देश दिया गया है। राहुल गांधी ने उनसे कहा था कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी वह मना नहीं कर सकते हैं। इससे पहले प्रदेश उपाध्यक्ष रहते हुए उन्हें मंदसौर का प्रभार था अब गुना जिले का प्रभार रहेगा। जो लोग मायूस हो रहे थे वह यह समझें कि अब भी एक जिले का प्रभार है। अंतर यह है कि जब राहुल गांधी कुछ समय पहले भोपाल आए थे, उन्होंने स्पष्ट कहा था कि उनकी मंशा के मुताबिक जो भी जिले के प्रमुख नेता हैं, उनमें से एक को जिला अध्यक्ष के रूप में चुनेंगे।

जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि इन जिम्मेदारियों को निभाने के लिए उन्हें कार्यकर्ताओं के सहयोग की आवश्यकता होगी। 24 अगस्त को नए जिला अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया गया है। जहां राहुल गांधी संबोधन देंगे। राहुल बताएंगे कि जिला अध्यक्ष के रूप में उनकी क्या भूमिका रहेगी।

### मेहरबान और हरिशंकर की तारीफ

कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने निवृतमान जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड और पूर्व अध्यक्ष हरिसिंह की कार्यक्षमता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अब इन दोनों नेताओं को यह नहीं मानना चाहिए कि वे फ्री हो गए हैं, बल्कि अब उन्हें आने वाले पंचायत, नगरीय निकाय ओर विधानसभा चुनाव के लिए और मेहनत करनी होगी। जयवर्धन सिंह ने कहा कि वे जीतू पटवारी और जिला प्रभारी हरीश चौधरी से आग्रह करेंगे कि इन दोनों नेताओं को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी जाएं।

### सप्ताह में एक बार आएंगे कार्यालय

जयवर्धन सिंह ने माना कि वे पूर्व जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह और हरिशंकर विजयवर्गीय की तरह शायद पहले जितना समय नहीं दे पाएं। लेकिन वे ऐसा सिस्टम बनाएंगे कि सप्ताह में एक बार जिला मुख्यालय पर अवश्य आएं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करें।

# जिला अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओं से संवाद

## अनुशासन में रहें, सोशल मीडिया का दुरुपयोग न हो

गुना जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद कार्यकर्ताओं से पहला संवाद करते हुए जयवर्धन सिंह ने अनुशासन पर खास जोर दिया। उन्होंने कहाकि अगर उनसे कोई गलती होती है तो कार्यकर्ता गुना के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं को बता सकते हैं। अगर कोई सुनवाई नहीं होती तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भी जानकारी दें, वहां भी लगता है कि सुनवाई नहीं हुई तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और अंत में राहुल गांधी को कार्यकर्ता पत्र लिखकर अपनी शिकायत या सुझाव दें। लेकिन ऐसा न हो कि हम अपनी बातें सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त करें।

क्योंकि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का सम्मान है। आप अपनी बातें हमें बता सकते हैं, हमारे नेताओं को बता सकते हैं। सोशल मीडिया का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। कार्यकर्ता मेहरबान सिंह धाकड, हरिशंकर विजयवर्गीय और बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल से सीखें, जिन्होंने कभी पार्टी की चर्चा सोशल मीडिया पर नहीं की।

### भाजपाई नकारात्मक, उनकी सोच तोडने वाली

राघौगढ विधायक ने कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए कहा कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं की मानसिकता ही नकारात्मक है। जबकि कांग्रेस पार्टी सकारात्मक विचारधारा रखती है, जिसने हमेशा ही तोडने का नहीं जोडने का काम किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उम्मीद है कि वे सकारात्मक सोच के साथ काम करेंगे और जितना हो सके जनता के हित के मुद्दे उठाएंगे।

### पहले ही दौरे में दर्जनों लोगों ने ली सदस्यता

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के रूप में राघौगढ विधायक जयवर्धन सिंह की ताजपोशी का असर दिखना शुरु हो गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष के पहले ही दौरे पर भाजपा, समाजवादी पार्टी के दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनमें भाजपा के बृजलाल जाटव अपने 50 से अधिक समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं समाजवादी पार्टी के रामरतन कुशवाह, मुकेश ओझा, अमित सोनी, सलाम खान, कप्तान सिंह, बृजेश किरार ने भी सदस्यता ली। इसके अलावा उदय प्रताप सिंह चौहान, अनुभव चौहान, योगेंद्र सिंह चौहान, महिपाल सिंह चौहान सहित कई लोग कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

### मेहरबान सिंह बोले, मेरा नाम इतिहास में दर्ज

बैठक को संबोधित करते हुए निवृतमान जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहाकि उन्हें भरपूर सहयोग मिला। हालांकि दो-चार लोग ऐसे हैं जो कभी संतुष्ट नहीं हो सकते। उन्होंने जयवर्धन सिंह की ताजपोशी पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने गौरवान्वित होते हुए कहा कि इतिहास में यह लिखा जाएगा कि मेहरबान सिंह के बाद हमारे नेता जयवर्धन सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है।